दैनिक भास्कर

# प्रबंधन विकास कोर्स छात्रों के लिए लाभकारी : वीसी

## इक्फाई यूनिवर्सिटी में प्रबंधन विकास पर वर्कशॉप



वर्कशॉप का आयोजन भारतीय अस्पताल एसोसिएशन के सहयोग से किया गया।

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

मुख्यमंत्री ने हेल्थ केयर क्षेत्र को बेहतर करने के लिए अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। इसमें डॉक्टर, नर्स और पारा मेडिकल स्टाफ में प्रबंधन की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखकर इक्फाई यूनिवर्सिटी, झारखंड प्रबंधन विकास के लिए अल्पकालीन और नियमित कोर्स शुरू कर रही है। यह कोर्स स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार की दिशा में कारगर तो साबित होगा ही कोर्स करनेवाले विद्यार्थियों को जॉब दिलाने में भी सहायक होगा। ये बातें इक्फाई विवि के कुलपति डॉ. ओएस राव ने कहीं। वे गुरुवार को संस्थान में प्रबंधन विकास पर आयोजित वर्कशॉप में बोल रहे थे।

मौके पर कुलसचिव डॉ. बीएम सिंह, शैक्षणिक सलाहकार डॉ. हरिहरण समेत अन्य विशेषज्ञों ने विचार रखे। इसमें मोदी सेवा सदन, राज अस्पताल, सीसीएल अस्पताल, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, सेंटिविटा समेत विभिन्न हॉस्पिटल के चिकित्सक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और हेल्थकेयर व्यवस्थापक शामिल हुए।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च बढ़ाने की जरूरत : डॉ. राय

भारतीय अस्पताल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित वर्कशॉप में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आरके राय ने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं पर भारत सकल घरेलू उत्पाद का 1.04 प्रतिशत ही खर्च करता है। यदि खर्च का प्रतिशत बढ़ाया जाए, तो स्वास्थ्य की समस्याओं का हल काफी हद तक हो सकता है। मोदी सेवा सदन के आरके सरावगी ने इक्फाई विवि द्वारा की गई पहल की सराहना की। कश्यप आई हॉस्पिटल के डॉ. वीपी कश्यप ने कहा कि अस्पताल में मौजूद संसाधनों के प्रबंधन की जरूरत है। राज हॉस्पिटल के योगेश गंभीर ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन से क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2015
हिन्दुस्तान 18

# हेल्थ केयर प्रबंधन पर कार्यशाला



रांची। भारतीय अस्पताल प्रबंधन के सहोयोग से गुरुवार को इक्फाई यूनिवर्सिटी में हेल्थ केयर प्रबंधन पर एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि राज्यहित में हेल्थ केयर पाठ्यक्रम की पेशकश की गई है। भारतीय हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आरके राय, सेवा सदन के सीनियर वीपी आरके सरावगी, राज हॉस्पिटल के सीईओ योगेश गंभीर ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

Press Clippings

IUJ Conducts Program on Healthcare Management.

Date:- 23/04/2015

ICFAI UNIVERSITY JHARKHAND

The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand


प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com

यूथ&कैंपस
रांची, शुक्रवार
24.04.2015 | 23


इक्फाइ विवि में कार्यक्रम का आयोजन, कुलपति ने कहा

# स्वास्थ्य प्रबंधन में पाठ्यक्रम के माध्यम से सुधार की संभावना

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

इक्फाइ विवि में भारतीय अस्पताल एसोसिएशन के सहयोग से विवि के दलादली कैंपस में स्वास्थ्य देखभाल के प्रबंधन पर गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मोदी सेवा सदन, राज अस्पताल, सीसीएल अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों के चिकित्सकों, हेल्थ केयर व्यवस्थापकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया. आगंतुकों का स्वागत कुलपति प्रो ओआरएस राव ने किया.

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधन में अल्पकालीन और नियमित पाठ्यक्रम के माध्यम से इस क्षेत्र में सुधार की संभावना है. भारतीय हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आरके राय ने कहा कि भारत वर्तमान में पांच से छह प्रतिशत की एक औसत के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाओं पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का केवल 1.04 प्रतिशत खर्च करता है. योगेश गंभीर ने स्वास्थ्य प्रबंधन में गैर जरूरी उपकरणों के खरीद से बचने तथा झारखंड के लिए उपयुक्त व्यापार





मॉडल अपनाने पर जोर दिया. कार्यक्रम को कई चिकित्सकों ने संबोधित किया. इस अवसर पर कुलसचिव डॉ बीएम सिंह, डॉ हरिहरन, डॉ हरीश आदि उपस्थित थे.




the pioneer
RANCHI | FRIDAY | APRIL 24, 2015

nation 02


IN BRIEF

## HEALTH MANAGEMENT PROG HELD AT ICFAI HOSPITAL

ICFAI University, Jharkhand, in association with Indian Hospital Association conducted a one-day Management Development Programme on Health Care management at its campus in Daladali on Thursday. It was attended by Doctors, CEOs and Healthcare Administrators from leading hospitals like Nagarmal Modi Seva Sadan, Raj Hospital, CCL Hospital, Kashyap Memorial Eye Hospital, 7 Palms Hospital.



रांची एक्सप्रेस
रांची, शुक्रवार 24 अप्रैल 2015



### ईक्फाई विवि में कार्यक्रम, वक्ताओं ने कहा-

# बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए कई कदम उठाने होंगे

रांची, 23 अप्रैल (रां.ए.सं.) : इक्फाई वि.वि. में आज भारतीय अस्पताल एसोसिएशन के सहयोग से वि.वि. के दलादली कैंपस में स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सेवासदन, राज अस्पताल, सी.सी.एल. अस्पताल, कश्यप मेमोरीयल आई हास्पिटल, सेंटेविटा जैसे प्रमुख अस्पतालों के डाक्टरों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा हेल्थकेयर व्यवस्थापकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए वि.वि. के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र, में प्रबंधन यथा उचित संसाधनों का उपयोग, डाक्टरों, नर्स एवं पारा मेडिकल स्टाफ के प्रबंधन की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए वि.वि.



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विशिष्टजन। छाया : आसिफ

स्वास्थ्य प्रबंधन में अल्पकालीन एवं नियमित कार्यक्रमों की पेशकश के द्वारा इस क्षेत्र में सुधार लाने को उत्सुक है। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए भारतीय हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्य... ...ार.के. राय ने कहा कि भारत ... में 5-6 फीसदी की एक वैश्विक औसत के हिसाब से स्वास्थ्य सेवाओं पर अपने सकल घरेलु उत्पाद का केवल 1.04 फीसदी खर्च करता है। मोदी सेवा सदन के वरीय उपाध्यक्ष आर.के. सरावगी के स्वास्थ्य प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए वि.वि. की पहल की सराहना की। कश्यप आई हॉस्पिटल के डा. बी.पी. कश्यप ने कहा कि अस्पताल में तैनात संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन आवश्यक है।

राज अस्पताल के सीईओ जोगेश गंभीर ने स्वास्थ्य प्रबंधन में गैर जरूरी उपकरणों की खरीद से बचने तथा झारखण्ड के लिए उपयुक्त व्यापार मॉडल निर्माण का आह्वान किया। विवि के कुल सचिव डा. बी.एम सिंह, शैक्षणिक सलाहकार हरिसरण तथा सेंटेविटा अस्पताल के डा. हरीश ने क्रमश: गुणवता, मानव संसाधन और वितीय पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।